52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 12.5 °c
अधिकतम 16.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:13 सूर्यास्त-5:30 | वर्ष : 52/ अंक : 361 सोमवार, 30 दिसम्बर 2024 पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**
जिंदगी को आसान बनाने के लिए इन दो बातों की गिनती करना छोड़ दें, खुद का दुःख और दूसरों का सुख

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**
कुम्भ में अखिलेश यादव भी आएं, पुण्य प्राप्त करें और अपने पाप धोएं : ब्रजेश पाठक

जो श्रद्धा से स्नान करते हैं.... बस उन्हीं के तो पाप धुलते हैं......

# गुलजार रहेगा मंगल बाजार, नहीं लगेगी सर्दी की नुमाइश इस बार

## डीएम ने बैठा दी जांच, मांगी सीडीओ से वित्तीय व्यवस्था पर रिपोर्ट




**मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)।** जिले की जनता को सस्ता व सुलभ मनोरंजन उपलब्ध कराने के साथ अन्नदाताओं को खेती से जुड़ी तकनीक तथा यांत्रिकी आविष्कार के बारे में जानकारी साझा कराने की दिशा में सर्दी में लगने वाली प्रदर्शनी पर ग्रहण लग गया है। ऐसे में अब मंगलवार बाजार पर बीते कई दिनों से जारी ग्रहण समाप्त हो गया है और अब मंगल बाजार के फिर से गुलजार होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। दशकों से अपनी पहचान रखने वाली उक्त जिला कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी का आयोजन इस बार तमाम तैयारियां पूर्ण होने के बाद भी अब अधर में लटक गई है। पूर्व में गर्मियों के सीजन में मनोरंजन का सस्ता साधन रही इस प्रदर्शनी को दंगों के बाद सर्दी से पूर्व दीपावली मेले के रूप में शिफ्ट कर दिया गया था, लेकिन इस बार यह परम्परा टूटती दिख रही है। प्रदर्शनी का ठेका हो जाने के बाद बाजार लगने की तैयारी के बीच डीएम ने इस नुमाइश का अनुमोदन करने के बजाए जांच बैठा दी और सीडीओ को पत्रावली सौंपकर वित्तीय सम्बंधी रिपोर्ट तलब की, जिससे नुमाइश आयोजन अधर में लटक गया।

जिला कृषि एवं औद्योगिक प्रदर्शनी के नाम से जिले की जनता के मनोरंजन की दशकों तक साक्षी रही नगर के मेरठ रोड पर नुमाइश ग्राउंड में लगने वाली प्रदर्शनी का बाजार लगातार महंगा होता जा रहा है। बीते वर्ष 2023 में 30 दिन की नुमाइश का ठेका 2.38 करोड़ रुपये में बहराइच की कंपनी के नाम छूटा था, जबकि इस बार अधिकतम बोली 2.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। उक्त सर्वाधिक बोली लगाने वाली कंपनी कमला इंटरप्राइजेज मेरठ के मालिक रिंकू कुमार के नाम जिला प्रदर्शनी समिति ने यह ठेका छोड़ दिया, जबकि पिछले साल ठेके का पैसा भी वसूल नहीं होने की पीड़ा सुनाते हुए ठेकेदारों ने पूरा भुगतान करने से इंकार करते हुए छूट मांगी थी, तो बड़ा बवाल हो गया था। प्रदर्शनी समिति की ओर से नुमाइश मैदान के गेट के दरवाजे बंद कर ताला डाल दिया और ठेकेदार फर्म के झूले व अन्य सामान रोक लिया था। इसके बाद कंपनी को पूरा पैसा जमा कराना पड़ा था।

इस बार प्रदर्शनी की तैयारी अक्टूबर में शुरू हो चुकी थी। नवम्बर माह में इसके आयोजन की तैयारियों के बीच मीरांपुर सीट पर उपचुनाव की आचार संहिता लगने के कारण सारी तैयारी धरी रह गई। चुनाव निपटा तो फिर से जिला प्रदर्शन सीमिति की ओर से नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने प्रदर्शनी के आयोजन की तैयारी शुरू की और इसके लिए निविदा आमंत्रित की गई। नगर मजिस्ट्रेट के समक्ष इन्हें खोला गया तो कमला इंटरप्राइजेज मेरठ कंपनी ने सर्वाधिक 2.51 करोड़ रुपये की बोली लगाई और उसको ठेका स्वीकृत कर दिया गया। यह ठेका बीते साल से 13 लाख रुपये अधिक रहा। इस पर 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय तय किया गया। ठेका होने के बाद इसके अनुमोदन के लिए पत्रावली डीएम उमेश मिश्रा को भेजी तो उन्होंने इस पर जांच बैठा दी। डीएम ने बताया कि सीडीओ से वित्तीय व्यवस्था संबंधी रिपोर्ट मांगी गई है। इसके बाद प्रदर्शनी आयोजन को लेकर निर्णय लिया जायेगा।

**इन्होंने कहा-** जिला प्रदर्शनी समिति सचिव सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि इस साल प्रदर्शनी के आयोजन की संभावना अब नहीं हैं। जनवरी में नुमाइश के आयोजन का औचित्य नहीं बनता, क्योंकि सर्दी बढ़ जायेगी। अभी डीएम की ओर से स्वीकृति नहीं मिली है। उनके द्वारा वित्तीय व्यवस्था को लेकर सीडीओ को जांच सौंपते हुए उनकी राय मांगी है।

## आज भी आठवीं तक के स्कूलों में रहेगा अवकाश

- बारिश थमी, पर बादलों से घिरे रहे सूर्यदेव, पारा: 16.6/12.5
- अगले दो दिन कोहरे का अलर्ट, शीत का प्रकोप बढ़ेगा







**मुजफ्फरनगर, 29 दिसंबर (बु.)।** बारिश थमने के बावजूद आज दिन भर आसमान पर बादलों की मौजूदगी के बीच भगवान भास्कर दोपहर बाद थोड़ी देर चमके तो लोगों ने राहत महसूस की, लेकिन यह राहत लंबी नहीं चली और सनसनाती ठंडी हवाओं ने शीत के प्रकोप में जिंदगी को जकड़े रखा। ऐसे में आज अधिकतम तापमान 16.6 और न्यूनतम तापमान12.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शीत के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी ने सोमवार को भी जनपद के आठवीं तक के स्कूलों में अवकाश रखने का ऐलान किया है। मौसम विभाग ने बारिश का दौर थमने और कोहरे का अलर्ट जारी किया है। बारिश का दौर थमने के बाद शीत का प्रकोप बढ़ने का भी अनुमान है।

नगर में दो दिन तक बारिश ने जनजीवन को ठप्प रखा। शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सोमवार को भी आठवीं तक के सभी स्कूलों में अवकाश का ऐलान किया है। बीएसए द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह आदेश परिषदीय तथा निजी सभी स्कूलों पर लागू होंगे। दो दिन तक रुक-रुक कर 23.7 मिमी हुई बारिश से जिंदगी जैसे थम गई। हालांकि आज सुबह से आसमान पर बादलों की मौजूदगी के बीच बारिश के आसार बने हुए थे, लेकिन आज बारिश नहीं हुई। बादलों के कारण सूर्यदेव नाराज रहे। दोपहर बाद थोड़े समय के लिए बादलों की ओर से सूर्यदेव ांके तो लोगों ने उनका स्वागत किया। यह खुशी बहुत लंबे समय मौजूद नहीं रही। थोड़ी ही देर बाद फिर भगवान भास्कर लुप्त हो गए और एक बार फिर शाम जल्दी ही घिर आई। बारिश थमने के बाद सनसनाती ठंडी हवाओं ने शीत के प्रकोप को बढ़ाया। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के गुजरते ही पछुआ हवाएं चलने लगी हैं। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में अगले 3-4 दिन मध्यम से घने कोहरे और सर्द हवाओं का दौर जारी रहेगा और ठंड में बढ़ोतरी दिखेगी। उत्तरी पछुआ हवाओं के चलने से अगले 72 घंटे में रात के पारे में 5 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। वहीं दिन में कोहरे की मौजूदगी और धूप हल्की होने की वजह से दिन के तापमान में भी लगातार गिरावट देखने को मिलेगी। 31 दिसंबर के बाद पछुआ हवाओं की गति में तेजी आएगी। इससे कोहरा छंटेगा और धूप खिलेगी। अगले कुछ दिन फिलहाल मौसम शुष्क रहेगा।

## 'मुख्यमंत्री आवास के नीचे भी शिवलिंग, इसकी भी हो खोदाई...', अखिलेश यादव



**लखनऊ, 29 दिसंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एंव सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बिना नाम लिए भाजपा एवं योगी सरकार को घेरा। कहा कि मुख्यमंत्री आवास के नीचे भी शिवलिंग है। इसकी भी खोदाई होनी चाहिए। सपा मुखिया ने योगी का नाम लिए बिना कहा कि उनके हाथ में विकास की नहीं, विनाश की रेखाएं हैं। कभी भी उनके हाथ की रेखाएं देख लेना। यह प्रदेश को कर्ज में डुबोकर जाएंगे। 2027 में सरकार का खजाना खाली करके जाएंगे। सपा प्रमुख ने कहा कि अगर हमारे कार्यकर्ताओं पर मुकदमे लगे तो कुंभ मेले में अव्यवस्था की पूरी पोल खोल देंगे। कुंभ में आने का किसी को आमंत्रण नहीं दिया जाता है, लोग स्वय कुंभ में आते हैं। सरकार ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे कुंभ से पहले शुरू हो जाएगा। क्या यह चालू हुआ? अखिलेश ने कहा कि यहां ईवीएम के कारण हारने वाले को हार का एवं जीतने वाले को जीत का विश्वास नहीं होता है। इसलिए हम मांग करते हैं कि बैलेट से ही चुनाव कराया जाए। सपा महासचिव शिवपाल ने कहा कि नये साल पर बधाई। देश में ऐसा काम करना है कि 2027 का मिशन सपा सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।

## सरे बाजार मजनू का वीडियो वायरल होने के बाद मामले की जांच शुरू



**मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)।** रविवार को सोशल मीडिया पर एक युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में युवक की पिटाई की जा रही है, जिसके बाद लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह युवक एक महिला से लगातार बातचीत की जबरदस्ती कर रहा था। आते-जाते रास्ते में वह उस पर बातचीत करने का दबाव तो बनाता ही था, युवक ने महिला के साथ छेड़खानी भी कर डाली। इसकी सूचना परिजनों तक पहुंची तो परिजनों ने युवक का इलाज करने के उद्देश्य से अंसारी रोड पर ही उसकी जमकर पिटाई की। युवक की पिटाई होते देख अंसारी रोड पर कुछ देर के लिए जाम भी लगा मगर बाद में एक वृद्ध व्यक्ति द्वारा बचाव का प्रयास किया गया मगर वृद्ध व्यक्ति को जब वास्तविकता बताई गयी तो वह चुप हो गया। पुलिस को युवक की पिटाई की सूचना मिली तो पुलिस मामले की जानकारी के लिए जांच में जुट गयी। बताया जा रहा है कि उक्त युवक और महिला भोपा पुल के नीचे एक गरीब बस्ती के रहने वाले हैं और लगातार यह युवक महिला से छेड़छाड़ कर रहा है। देखना यह होगा कि जांच के बाद क्या सच्चाई निकलकर सामने आती है ।

## वाटर कैनन और लाठीचार्ज के बाद रोका आन्दोलन, प्रशांत किशोर के खिलाफ केस दर्ज

**पटना, 29 दिसंबर (एजेंसी)।** सरकार अब बीपीएससी अभ्यर्थियों से बात करने पर मान गई है।अभ्यर्थियों की पांच सदस्यीय टीम सरकार से बात करेगी। इसलिए प्रशांत किशोर ने आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों से अपील करते हुए आंदोलन को बंद करने की बात कही है। दरअसल जिला प्रशासन की ओर से कारण बताते हुए प्रदर्शन के लिए प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद रविवार को प्रशांत किशोर के नेतृत्व में बीपीएससी परीक्षार्थियों का हुजूम पटना के गांधी मैदान में प्रदर्शन करने पहुंचा। जब यहां भी प्रशासन की नहीं चली तो यह हुजूम शाम होते-होते जेपी गोलंबर होते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर आगे बढ़ने लगा। पुलिस ने अभ्यर्थियों को रोका लेकिन भीड़ ने बैरिकेटिंग को तोड़कर आगे बढ़ने लगे। मजबूरन पटना पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज कर दिया। देखते ही देखते मामला बिगड़ गया और पुलिस पहले वाटर कैनन से पानी का फब्बारा उनपर डालने लगी। इसके बाद भी अभ्यर्थी जब वहां से नहीं हटे तब पुलिस ने लाठीचार्ज करना शुरू कर दिया। पुलिस उन अभ्यर्थियों पर बेदर्दी से लाठियां बरसाती रही। इस घटना में कई अभ्यर्थी घायल हो गये। बिहार लोकसेवा आयोग की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर यह प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान प्रशांत किशोर को जेपी गोलंबर के पास रोक लिया गया। पुलिस ने जन सुराज के नेता प्रशांत किशोर के खिलाफ पुलिस द्वारा अभ्यर्थियों को उकसाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज किया है। दूसरी ओर प्रशांत किशोर ने बताया कि छात्रों का डेलीकेशन मुख्य सचिव से बात करेगा। अगर छात्र संतुष्ट नहीं हुए तो कल फिर आन्दोलन को लेकर रणनीति तय होगी। इसके बाद प्रशांत किशोर वहां से निकल गए, लेकिन अभ्यर्थी अभी भी जेपी गोलंबर के पास डटे हुए हैं।

## आरोपी प्रधान के साथ बजरंग दल कार्यकर्ताओं पर भी मुकदमे दर्ज

**चरथावल, 29 दिसम्बर (बु.)।** करीब छः दिन पूर्व थाना क्षेत्र के गांव बधाई कला स्थित वृहद गौशाला में बीमार गोवंश की सूचना पर पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ताओं व गोशाला संचालकों में मारपीट हो गयी थी। मारपीट में दोनों ही पक्षों के दर्जनों लोग घायल हो गये थे। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी थी। बजरंग दल कार्यकर्ताओं की तहरीर पर ग्राम प्रधान सहित दस नामजद व 125 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हो गया है। वहीं ग्राम प्रधान की तहरीर पर भी दूसरे पक्ष के 11लोगों को नामजद व 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया गया है। बजरंग दल के जिला संयोजक पंकजदीप,अभिषेक पाल,आदित्यपाल आदि ने दी तहरीर में बताया था कि वह साथियों के साथ मुजफ्फरनगर से चरथावल आते समय शाम को करीब छः बजे उन्हें फोन द्वारा सूचना मिली थी कि थाना- क्षेत्र के ग्राम बधाई कलां स्थित वृहद गोशाला में गोवंश घायल अवस्था में है। सूचना पर हम सब लोग जब गोशाला पहुंचे तो आरोप है कि वहां पहले से करीब120-125 लोग लाठी-डंडे लिये हुए खड़े थे। आरोप है कि उन्होंने हिन्दू संगठन के लोगों को देखकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए एक राय होकर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। हमले में छः लोग घायल हो गये थे। घटना की सूचना बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा थाने पर दी गयी थी तथा नामजद तहरीर पर ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार, नरेश मलिक, ललित कुमार, भीम, टीटू, अजय, जयप्रकाश, मनीष, मोहित आदि दस नामजद व 125 अज्ञात लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है, जबकि दूसरी ओर प्रधान धर्मेंद्र कुमार द्वारा दी गयी तहरीर में बताया कि गोशाला मेरे सरंक्षण में चल रही है, जिसमें अजय, विपिन व अंकित बधाई कलां निवासी केयरटेकर के रूप में कार्यरत है। आरोप है कि 24 दिसम्बर की शाम को लड़के जिनमें पंकज दीप, आदित्य, कृष, अभिषेक, अंकेश, शुभभ पाल, शुभभ कश्यप, अमनपाल, अर्जुन, मयंक, तरंगपाल व अज्ञात करीब 20-25 लड़के लाठी-डंडों के साथ आये और गोकशी का आरोप लगाते हुए व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर इन्होंने हमारे साथ मारपीट शुरू कर दी थी। शोरगुल होने पर ग्रामीणों को आता देख सभी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये थे। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत का कहना है कि गोशाला में ग्रामीणों व संगठन के लोगों के बीच हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज किया गया है।

## संत रविदास जयंती के सार्वजनिक अवकाश को लेकर कैबिनेट मन्त्री ने लिखा डीएम को पत्र

**मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)।** उत्तर प्रदेश के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री अनिल कुमार ने डीएम मुजफ्फरनगर को पत्र लिखकर संत रविदासजी की जयंती पर स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का अनुरोध किया है। योगी सरकार में मंत्री अनिल कुमार ने समस्त सदस्य कपिलवस्तु परिवार एवं समाज के सम्मानित लोगों के सौंपे संलग्न प्रार्थना-पत्रों का डीएम से अवलोकन करने का कष्ट करने की बात कहते हुए बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर में बीते 20 वर्षों से प्रत्येक वर्ष परंपरागत रूप से संत रविदासजी की जयंती पर जिलाधिकारी स्तर द्वारा स्थानीय- सार्वजनिक अवकाश घोषित होता रहा है, जिसकी कार्यालय अभिलेखों से इसकी संतुष्टि कर सकते हैं, परंतु किन्हीं कारणवश वर्ष-2024 की अवकाश सूची में संत रविदास जयंती पर स्थानीय सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं किया गया था, तत्कालीन जिलाधिकारी से इस संबंध में वार्ता करते हुए संत रविदास के अनुयायियों द्वारा ज्ञापन दिए गए, तो तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा सामान्य लोकसभा चुनाव-2024 में व्यस्त होने के कारण इस पर खेद प्रकट करते हुए वर्ष-2025 की अवकाश सूची में आवश्यक रूप से संत रविदास जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आश्वासन दिया था। मंत्री अनिल कुमार ने यह भी अवगत कराया कि जनपद में संत रविदास जी के अनुयायी अधिक संख्या में निवास करते हैं तथा संत रविदास जयंती पर शुक्रताल सहित जनपद में गांव व कस्बों में धूमधाम से शोभायात्रा का आयोजन करते हुए पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने विगत वर्षों की भांति डीएम से इस वर्ष स्थानीय सार्वजनिक अवकाश की परंपरा व संत रविदास जी के अनुयायियों की भावना के दृष्टिगत 12 फरवरी को संत रविदास जयंती पर जनपद मुजफ्फरनगर में फिर से स्थानीय सार्वजनिक अवकाश को घोषित कराया जाना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।






## बंदर के कूदने से बिजली का हाईटेंशन तार टूटने से करंट से पिता-पुत्री और भांजी की मौत

**गोरखपुर, 29 दिसंबर (एजेंसी)।** गोरखपुर के एम्स थानाक्षेत्र के सोनबरसा बाजार में रविवार की शाम 5.40 बजे हाईटेंशन तार से हुई दुर्घटना में दो बच्चों समेत तीन लोगों की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। सभी मृतक एक ही बाइक पर सवार होकर सोनबरसा बाजार से साप्ताहिक बाजार कर घर लौट रहे थे। घटना से आक्रोशित लोगों ने पुलिस को शव ले जाने से रोक दिया और शव को फोरलेन मार्ग पर ले जाने लगे। जिसको लेकर पुलिस और परिजनों में झड़प हो गयी। एम्स थानाक्षेत्र के विशुनपुर खुर्द के टोला धनहा निवासी 25 वर्षीय शिवराज निषाद पुत्र हीरा रविवार की शाम अपनी दो वर्षीय पुत्री अदिती और नौ वर्षीय भतीजी अन्नू पुत्री शिवमंगल के साथ सोनबरसा बाजार में लगने वाले साप्ताहिक बाजार से सब्जी आदि लेकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। अभी वह सोनबरसा बाजार के नहर पर पहुंचे थे कि अचानक नहर पर लगे विद्युत ट्रांसफार्मर का जम्पर हाई टेंशन तार के साथ उनके ऊपर आ गिरा। बताया जा रहा है कि बंदर तार पर कूद गया था, जिससे केबल टूटकर नीचे बाइक सवार पर गिर गया। उस समय तार में 11 केवीए विद्युत प्रवाहित हो रही थी। हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक ही बाइक पर सवार शिवराज, अदिती और अन्नू की घटनास्थल पर जलकर दर्दनाक मौत हो गयी।

## इस्लाम में नाजायज है नववर्ष मनाना, फतवा जारी

**बरेली, 29 दिसंबर (एजेंसी)।** नए साल का आगाज होने वाला है। इस मौके पर लोग जश्न मनाते हैं। एक दूसरे को मुबारकबाद देने के लिए होटलों में प्रोग्राम आयोजित किए जाते हैं। इस पर चश्मे दारूल इफ्ता के हेड मुफ्ती और मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने फतवा जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि नए साल का जश्न मनाना, मुबारकबाद देना और पार्टी करना इस्लाम में नाजायज है। फतवे में कहा गया है कि नया साल जनवरी से शुरू होता है, जो ईसाइयों का नया साल है। ईसाई का मजहबी कार्यक्रम है, वो हर साल के पहले दिन जश्न मनाते हैं। इसमें विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। ये ईसाइयों का खालिस धार्मिक कार्यक्रम है। इसलिए मुसलमानों को नए साल का जश्न मनाना जायज नहीं है। इस्लाम इस तरह के कार्यक्रमों को शख्ती के साथ रोकता है।

## मर गयी मानवीय संवेदनाएं, शायद मोबाइल की दुनिया ने इंसानियत ही खत्म कर दी



**मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)।** यूपी के जिला हमीरपुर में कल रात दो बजे की ऐसी एक घटना सामने आई, जिसमें एकाएक एक ट्रक में आग लग गयी और ट्रक में मौजूद चालक सहित दो लोग जिंदा जल गए। मगर जब उक्त ट्रक की वीडियो वायरल हुई तो सभी ने इस वीडियो को देखकर एक ही बात कही कि मोबाइल की दुनिया ने मानवीय संवेदनाओं को पूरी तरह खत्म कर दिया है। यह बात वीडियो को देखकर साबित भी हो रही है। दरअसल जब ट्रक में आग लगी तो आग इतनी भयंकर थी कि सभी चलते हुए ट्रक की वीडियो बना रहे थे। एकाएक दरवाजा खुलता है और सत्तर फीसदी जला ड्राईवर अपने आप ट्रक से बाहर निकलने का प्रयास कर रहा है मगर वह देखते ही देखते वहीं चंद मिनटों में खाक हो जाता है। कोई भी व्यक्ति उसे बचाने के लिए आगे तक नहीं बढ़ता बस पांच फुट दूरी पर खड़े लोग तमाशबीन बनकर मानवीय संवेदनाओं को खत्म कर सिर्फ वीडियो बना रहे होते हैं। दाद तो ड्राईवर के हौसले की वीडियो को देखकर सभी ने दी, क्योंकि 70 फीसदी जला व्यक्ति किस तरह अपना जीवन बचाने के लिए लड़ता हुआ खिड़की खोलकर मौन गुहार लगा रहा था कि कोई उसे बचाने के लिए आगे बढ़े, मगर किसी ने एक कदम भी इस ओर आगे नहीं बढ़ाया और ड्राईवर ने वहीं खड़े-खड़े चंद मिनटों में दम तोड़ दिया। मृतक चालक व परिचालक की शिनाख्त नहीं हो सकी।

## छात्रा के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया

**बागपत, 29 दिसंबर (एजेंसी)।** बालैनी क्षेत्र के एक गांव की 12वीं की छात्रा के साथ सहपाठी छात्र ने दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। इसके बाद छात्रा का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। छात्रा की मां ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। छात्रा ने बताया कि 26 दिसंबर को वह बालैनी के बाजार में सामान खरीदने आई थी, वहां पर उसके साथ पढ़ने वाला छात्र मिल गया। छात्र उसे बहला फुसलाकर अपने साथ नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा से आगे एक कमरे में ले गया और वहां उससे दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसकी पिटाई भी की। उसका अश्लील वीडियो भी बनाकर वायरल करने की धमकी दी। इससे डरकर उसने परिजनों को घटना के बारे में नहीं बताया। इसके बाद आरोपी उसे ब्लैकमेल कर-के दोबारा बुलाने लगा और उसकी बात नहीं मानने पर वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद छात्रा ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया। पुलिस का कहना है कि सिंघावली अहीर गांव के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

## वॉलीबॉल में गोल्ड मैडल लाए युवक का क्षेत्र के लोगों ने किया शानदार स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)।** तितावी क्षेत्र के गांव बुड़ीना कलां का युवक आरव लाटियान पुत्र प्रवीण लाटियान जब अपने गांव बुड़ीना कलां पहुंचा तो सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उसकी जय-जयकार करते हुए स्वागत किया। इस मौके पर आरव के वॉलीबॉल में गोल्ड मैडल लाने पर उसके परिजनों ने कहा कि सिर्फ हमारा ही नहीं पूरे जनपद का सीना चौड़ा हुआ है। आरव ने मीडिया की जानकारी में बताया कि उसे यह तीसरा गोल्ड मैडल मिला है। यह मैडल अंडर-19 में हासिल हुआ है, जबकि इसे पूर्व भी कोलकाता और जम्मू कश्मीर की टीम में खेलकर उसने दो गोल्ड मैडल हासिल किए हैं। आरव ने युवाओं को संदेश दिया कि यदि पूरी मेहनत, लग्न और एकाग्रता के साथ आज के युवा खेल के मैदान में प्रतिभाग करें तो हमारा देश पूरी दुनिया में नाम कमा सकता है। मोबाइल की दुनिया ने आज बच्चों को मैदानों से दूर कर दिया है। इसलिए बच्चों का शारीरिक विकास भी कम होता दिखाई दे रहा है। ऐसे में वे अपील करते हैं कि मोबाइल की दुनिया से निकलकर बच्चों को मैदान की दुनिया में लाया जाये।

## महाकुंभ में पहली बार आएंगे श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य

**प्रयागराज, 29 दिसंबर (एजेंसी)।** महाकुंभ में पहली बार सनातन की चारों पीठों का मिलन होगा। कुंभ और महाकुंभ से इतिहास में इसे अद्भुत संयोग के रूप में देखा जा रहा है। पहली बार कर्नाटक स्थित श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य स्वामी भारती तीर्थ ने महाकुंभ का आमंत्रण स्वीकार किया है। श्रृंगेरी पीठ के शिविर के लिए शंकराचार्य मार्ग पर भूमि आवंटित की गई है। यह पहला अवसर है जब श्रृंगेरी पीठ का शिविर लगेगा। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कुंभ और महाकुंभ में अब तक द्वारका-शारदा और ज्योतिष्पीठ के अलावा पुरी पीठ के शंकराचार्य ही आते रहे हैं। इस बार विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक समागम में श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य भारती तीर्थ भी आ रहे हैं।

SHANTI MADAN HOSPITAL
Always caring, Always here.

किडनी
से संबंधित हर समस्या का समाधान।
डॉ. भानु मिश्रा एक अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट, जो किडनी से जुड़ी सभी समस्याओं का इलाज करते हैं। शांति मदन अस्पताल, मुज़फ्फरनगर में अब आपको मिलेगा विशेषज्ञ इलाज।





Dr. Bhanu Mishra
M.D. (General Medicine)
DrNB (Nephrology)
Kidney Transplant Expert
consultant at
BLK MAX Hospital, Delhi.

नेफ्रोलॉजी ओ. पी. डी.
प्रत्येक महीने के हर मंगलवार
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक

आपकी किडनी से जुड़ी समस्याओं के लिए डॉ. भानु मिश्रा आपके साथ हैं। शांति मदन अस्पताल, मुज़फ्फरनगर में किडनी का सबसे भरोसेमंद इलाज।

मुख्य सेवाएँ:
- किडनी बायोप्सी (kidney biopsy)
- ग्लोमेरुलोनेफ्राइटिस (Glomerulonephritis)
- डायलिसिस (Dialysis)
- किडनी की विफलता (Kidney Failure)
- उच्च रक्तचाप (High BP) से जुड़ी किडनी समस्याएँ
- डायबिटीक किडनी रोग (Diabetic Kidney Issue)

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
For Appointments: 9760 25 4747
www.shantimadanhospital.com
244, North Civil Lines, Thana Civil Lines, Muzaffarnagar.



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## प्रयागराज महाकुम्भ की तैयारियां

प्रयागराज में महाकुम्भ की तैयारियां बड़े उत्साह के साथ चल रही हैं। यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक होने जा रहा है। कल प्रधानमन्त्री ने भी मन की बात में महाकुम्भ पर भी बात की। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली जाकर कई नेताओं को महाकुम्भ में आने का निमंत्रण दिया। अखिलेश यादव ने कटाक्ष किया, तो उपमुख्यमन्त्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें जवाब भी दे दिया। आजकल हर मामले पर निचले दर्जे की सियासत सामने आ जाती है। महाकुम्भ पर भी नेतागण एक दूसरे पर कटाक्ष ही करते रहेंगे, इसकी शुरूआत हो चुकी है। कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में महाकुंभ 2025 की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ का शुभारंभ होगा और इस दौरान संगम तट पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रधानमन्त्री ने सभी नागरिकों से समाज में विभाजन और घृणा की भावनाओं को समाप्त करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने बताया कि महाकुंभ में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट का उपयोग किया जाएगा, जो 11 भारतीय भाषाओं में श्रद्धालुओं को जानकारी उपलब्ध कराएगा। यह पहल डिजिटल कुंभ की ओर एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस चैटबॉट के माध्यम से टूर पैकेज, आवास और होमस्टे जैसी सेवाओं के बारे में जानकारी सीधे मोबाइल पर मिलेगी, जिससे कोई भी श्रद्धालु महत्वपूर्ण सूचनाओं से वंचित न रहे। महाकुंभ की विशेषता पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह आयोजन केवल अपनी विशालता के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी विविधता के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां हर कोई समान है, न कोई बड़ा है, न कोई छोटा। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की 'अनेकता में एकता' की भावना का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसे दुनिया में और कहीं नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान श्रद्धालु डिजिटल नेविगेशन की मदद से घाटों, मंदिरों और अखाड़ों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। एआई संचालित कैमरों की मदद से मेला क्षेत्र की निगरानी की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कुंभ के दौरान खोए हुए लोगों को खोजने और सहायता प्रदान करने के लिए डिजिटल खोया-पाया केंद्र की सुविधा उपलब्ध होगी, जो श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी सहज बनाएगी। योगी आदित्यनाथ ने कल राजधानी दिल्ली का दौरा कर देश के शीर्ष नेतृत्व को आगामी महाकुंभ 2025 में सादर आमंत्रित किया। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट के दौरान मुख्यमन्त्री ने उन्हें विशेष रूप से महाकुंभ में पधारने का निमंत्रण दिया। मुख्यमन्त्री योगी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों को महाकुंभ 2025 का विशेष लोगो, पवित्र कलश, महाकुंभ से संबंधित साहित्य और नववर्ष का कैलेंडर भेंट किया। मुख्यमन्त्री के नेतृत्व में राज्य सरकार के मंत्रीगण भी विभिन्न राज्यों का दौरा कर महाकुंभ का निमंत्रण दे रहे हैं। अखिलेश यादव को मुख्यमन्त्री का कुम्भ के लिए निमंत्रण देना अच्छा नहीं लगा। अखिलेश यादव ने लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में महाकुंभ को लेकर दिए जा रहे निमंत्रण पर बयान दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि कुंभ में निमंत्रण नहीं दिया जाता है। कुंभ में लोग अपने आप आस्था से आते हैं। मैं किसी के बारे में कुछ कहना नहीं चाहता। हमने अपने धर्म में सीखा और पढ़ा है कि ऐसे आयोजनों में लोग खुद आते हैं, जो करोड़ों लोग आएंगे, क्या उन्हें निमंत्रण दिया जाता है? ये सरकार अलग है। अखिलेश यादव ने कहा कि कुम्भ सही से हो हम सहायता देने के लिये तैयार हैं, मैंने भी हकीकत चेक कराई है, पीडीए पत्रकार ने कुंभ की हकीकत चेक की और सब उजागर हुआ है। एक सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि मैं तो कहता हूँ कि ये जो रोज खुदाई चल रही है, सीएम हाउस में भी करें, वहाँ शिव मंदिर है, सीएम के घर में भी खुदाई हो, शिवलिंग मिलेगा। अवैध निर्माण राज्यपाल के हाउस में भी हो रहा है। अखिलेश के निमंत्रण वाले बयान पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पलटवार कर दिया है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव को मैं बताना चाहता हूं कि आज उत्तर प्रदेश की आधारभूत संरचना विश्व स्तर पर बनकर तैयार हो रही है। आज आधारभूत संरचना के मामले में उत्तर प्रदेश तेजी के साथ राष्ट्र के पैमाने पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में मैं पूरी दुनिया में मौजूद सनातन धर्म को मानने वाले लोगों का हृदय से स्वागत करता हूं। आप भी आएं, पुण्य प्राप्त करें और अपने पापों को धोएं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में आपको अपना शासन काल भी याद आता होगा। उत्तर प्रदेश की जनता कभी भी समाजवादी पार्टी को माफ नहीं करेगी। अखिलेश यादव इन दिनों सोशल मीडिया पर महाकुंभ की, अपने दृष्टिकोण से बनी अव्यवस्थाओं पर रोजाना पोस्ट कर रहे हैं। यह पोस्ट वे अपने एक काल्पनिक पत्र पीडीए पत्रकार के माध्यम से कर रहे हैं। इसे लेकर लोग उनको ट्रोल भी कर रहे हैं। योगी सरकार के मंत्री और भाजपा नेताओं का दावा है कि जो भी कमियां अखिलेश यादव गिना रहे हैं, उनमें कोई दम नहीं है। सीएम योगी ने प्रवक्ताओं से अखिलेश यादव के पीडीए पत्रकार का जवाब देने का इशारा कर दिया है। सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर अच्छा काम कर रहे कुछ सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर की भी अलग से बैठक ली है। प्रवक्ता और इनफ्लुएंसर के माध्यम से सरकार अब अखिलेश यादव द्वारा महाकुंभ के पीडीए रिपोर्टर का जवाब देगी। मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ ने सभी प्रवक्ताओं को कहा कि वे महाकुंभ की तैयारी से संबंधित जो भी खबरें भ्रामक हो, उनका जवाब दें, किसी तरह की नकारात्मकता को फैलने न दें और ज्यादा से ज्यादा अच्छी खबरों का प्रचार करें। उनका मुख्य रूप से इशारा अखिलेश यादव के पीडीए पत्रकार की ओर ही था, जिसमें अखिलेश यादव लगातार महाकुंभ की तैयारी को लेकर कमियां गिना रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने अखिलेश यादव की पोस्ट पर हमला बोल दिया है। भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि कुम्भ तैयारियों की दिव्यता और भव्यता से अखिलेश हैरान परेशान हैं। सपा सरकार में कुम्भ में भारी अव्यवस्था थी। हिन्दुओं को अपमानित करने के लिए जानबूझकर आजम खान को मेला प्रभारी मंत्री बनाया था, जबकि अखिलेश यादव सैफई महोत्सव के रंगारंग कार्यक्रम में मशगूल थे।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'दौड़' 'शेर' 'चाहत' 'तमाशा'

शोहरतों की दौड़ में आगे निकलने के लिए,<br>
दूसरों के शेर को भी तुमने अपना कर लिया।<br>
लाई है किस मोड़ पर ये वाह की चाहत तुम्हें,<br>
अपने हाथों ही से खुद अपना तमाशा कर लिया।


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



अत्यन्त शोक के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारे प्रिय **श्री समीर अग्रवाल जी**
(सुपुत्र स्व. श्री श्याम सुन्दर अग्रवाल जी)
का स्वर्गवास बृहस्पतिवार, 19 दिसम्बर 2024 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी आज दिन-सोमवार, 30 दिसम्बर 2024 को
आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल, लक्ष्मण विहार, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
पर होनी निश्चित हुई है।

**कार्यक्रम**
ब्रह्म भोज – दोपहर 12:00 बजे
रस्म पगड़ी – दोपहर 01:00 से 02:00 बजे तक

**शोकाकुल**
भारत भूषण - संगीता अग्रवाल (भाई-भाभी)
अभिनव - अनीशा अग्रवाल (भतीजा-बहु)
सबब अग्रवाल (भतीजा), हैत्विक अग्रवाल (पौत्र)
अनु चौधरी - सतीश चौधरी (बहन-बहनोई)
रमा अग्रवाल (धर्मपत्नी)
कृष्णा अग्रवाल (सुपुत्र)
वृन्दा अग्रवाल (सुपुत्री)

**प्रतिष्ठान**
गायत्री फिलिंग स्टेशन, भगवानपुर, हरिद्वार (उ.ख.)
लक्ष्य कलेक्शन, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)
मोबाईल : 9997852852, 9897215461


# जनवरी के अंत में भाजपा को मिल सकता है नया राष्ट्रीय अध्यक्ष




नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसी)। भाजपा को नए साल में जनवरी के अंत में नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है। भाजपा नेता पीटी कुंजांग ने कहा कि 15 जनवरी तक राज्य और जिला अध्यक्षों के चुनाव पूरे होंगे। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी और जनवरी के अंत या फरवरी के पहले हफ्ते में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। भाजपा की नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में रविवार को संगठन चुनाव को लेकर अहम बैठक हुई। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, सभी महासचिव, सभी प्रदेश अध्यक्ष और सभी प्रदेश महासचिवों के साथ-साथ संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया के प्रमुख और सह प्रमुख शामिल हुए। बैठक के बाद कुंजांग ने बताया कि बैठक में संगठन की चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं पर चर्चा हुई। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर और झारखंड को 15 जनवरी तक नए अध्यक्ष मिल सकते हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 में खत्म हो चुका है। हालांकि लोकसभा और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव को देखते हुए उनका कार्यकाल बढ़ा दिया गया था। नड्डा जनवरी 2020 में पार्टी के अध्यक्ष बनाए गए थे। भाजपा के संविधान के अनुसार, कोई व्यक्ति अधिकतम दो कार्यकाल तक लगातार अध्यक्ष रह सकता है। साथ ही नड्डा केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी शामिल किए गए हैं, ऐसे में उनका फिर से अध्यक्ष बनने की उम्मीद खत्म हो गई है। कुंजांग ने बताया कि पार्टी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को पूरे एक साल तक मनाने का फैसला किया है। इस साल उन्होंने 100 साल पूरे किए हैं। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए भाजपा उनकी जयंती को पूरे एक साल तक सुशासन पर्व के तौर पर मनाएगी। उन्होंने कहा कि यह भी फैसला लिया गया कि पार्टी कांग्रेस के बीआर आंबेडकर के अपमान के आरोप के जवाब में संविधान पर्व भी मनाएगी।

# शोकसभा में लिया नेत्रदान का संकल्प, लोगों को किया प्रेरित

## - नेत्रदानी माँ की शोकसभा में दिया परिवार ने प्रेरणा सभा रूप

मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)। द्वारिकापुरी निवासी कमल गोयल की स्वर्गवासी माता कांता गोयल धर्मपत्नी स्व. विमल प्रसाद गोयल का मरणोपरांत नेत्रदान समर्पित युवा समिति की प्रेरणा से परिवार सदस्यों ने स्वेच्छा से किया था। रविवार को उनकी तेरहवीं पर आयोजित शोकसभा को समर्पित युवा अमित पटपटिया के आह्वान पर प्रेरणा सभा में तब्दील करते हुए नेत्रदान संकल्प शिविर लगाया। इस शिविर में 2 दर्जन से अधिक लोगों ने नेत्रदान पंजीकरण फार्म भर, मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया। समर्पित युवा समिति के संस्थापक सदस्य संजीव अरोड़ा ने बताया कि समिति द्वारा पहले भी इस प्रकार नेत्रदानी की तेरहवीं पर नेत्रदान के पंजीकरण शिविर लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से सभी को इस परिवार से प्रेरणा लेकर नेत्रदान के क्षेत्र में आगे आना चाहिए। वहीं समर्पित युवा समिति से जुड़े सभासद अमित पटपटिया ने सभा को संबोधित करते हुए नेत्रदान का महत्व और इससे जुड़े तमाम पहलुओं को खोलकर सामने रखा जिसका उपस्थित जनसमूह ने समर्थन करते हुए दो दर्जन से भी अधिक लोगों ने तत्काल नेत्रदान संकल्प पत्र भरा। इधर, दिवंगत कांता रानी के पुत्र कमल गोयल को उनकी माताजी का नेत्रदान सर्टिफिकेट भी सौंपा गया। नेत्रदान संकल्प शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुशील राजवंशी, डॉ. संजीव संगल, भाजपा



नेत्री ममता अग्रवाल, रजनी चौधरी, नीलू तनेजा, संजय सरदाना, विवेक अग्रवाल, संजय बंसल, प्रवीण अरोरा, ललित वत्स, साक्षी मल्होत्रा, संजय कुमार, जितेंद्र कुमार, ममता अरोड़ा, पवन तनेजा समेत कई जागरूक लोगों ने स्वेच्छा से नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लिया। इस दौरान समर्पित युवा समिति से गुलशन अरोड़ा, हितेश आनंद, हरीश अरोड़ा, पं. मनसुख शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

# शिवचौक पर की शहीद बाबा दीप सिंह यूथ फाउंडेशन ने दूध की सेवा



मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)। रविवार को शहीद बाबा दीप सिंह जी यूथ फाउंडेशन की मुजफ्फरनगर इकाई ने नगर के शिवचौक स्थित एसडी कॉलेज मार्किट के बाहर मीठे दूध का लंगर लगाया। वाहेगुरू जी का खालसा और वाहेगुरू जी की फतेह के पवित्र उद्घोष के बीच शहीद बाबा दीप सिंह जी यूथ फाउंडेशन (जागदी जमीर मोर्चा) की ओर से साध संगत के सहयोग से श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत की याद में नगरीय क्षेत्र में बीते 21 दिसंबर से 29 दिसंबर तक मुजफ्फरनगर शहर में अलग- अलग जगहों पर दूध के लंगर की सेवा की गई। इस दौरान इस सेवा में मुख्य रूप से चेयरमैन हनी सिंह शेखों, प्रधान गुरजीत सिंह, महासचिव जितेन्द्र पाल सिंह जेपी समेत समस्त टीम ने पूरी सेवा की।

# मन की बात: स्वास्थ्य क्षेत्र में मिली दो सफलताओं की प्रधानमंत्री ने की तारीफ



नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस साल के आखिरी 'मन की बात' कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र में भारत को मलेरिया और कैंसर पर मिली दो बड़ी उपलब्धियों की जमकर तारीफ की। प्रधानमंत्री ने कहा मलेरिया 4000 वर्षों से मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती रही है। आजादी के समय भी ये हमारे लिए सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक थी। एक महीने से लेकर पांच साल तक के बच्चों की जान लेने वाली सभी संक्रामक बीमारियों में मलेरिया का तीसरा स्थान है। आज संतोष से कहा जा सकता है कि देशवासियों ने मिलकर इस समस्या का दृढ़ता से मुकाबला किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट कहती है भारत में 2015 से 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत तक कमी आई है। यह सफलता जन-जन की भागीदारी से मिली है। प्रधानमंत्री ने असम के चाय बागान क्षेत्रों और हरियाणा के कुरुक्षेत्र में लोगों की भागीदारी से मलेरिया रोकथाम को लेकर किए गए प्रयासों की सराहना की।

# बलकटी के हमले में तीन युवक घायल, एक का कान कटा

मीरापुर, 29 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के मौहल्ला कमलियान में मामूली विवाद में दबंगों ने दो युवकों पर बलकटी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव में आये एक युवक का कान भी बलकटी से कट गया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कस्बे के मौहल्ला कमलियान निवासी अजीम ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह मौहल्ले के ही तालिब के साथ कमलियान चौक पर नदीम की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान मौहल्ले के ही दबंग प्रवृति के राजा, सुहैल, रिजवान व सलीम वहाँ आये और गाली-गलौच करते हुए उसपर पर तालिब पर लाठी-डंडों व बलकटी से हमला कर दिया। हमले में अजीम के हाथ व सिर में चोट आयी जबकि तालिब के सिर व कान में गंभीर चोटें आयी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भिजवाया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश दी।

# विश्व संवाद केन्द्र की ओर से शिवचौक पर बांटा साहित्य



मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)। विश्व संवाद केन्द्र की ओर से रविवार को साहित्य बिक्री दिवस पर साहित्य का एक स्टॉल शिवचौक पर लगाया। इस स्टाल में वीर बालक, समाज में पंच परिवर्तन, राष्ट्र के लिए समर्पित महापुरुषों के लिए पुण्य प्रवाह, अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी मुख्यतः चार पुस्तकों का वितरण किया। प्रबुद्ध समाज ने इन सभी किताबों को पसंद किया। वीर बालक में अभिमन्यु, शिवाजी, बाबा अजित सिंह व जुझार सिंह जैसे बालकों की वीरता के बारे में सुंदर लेखन किया हुआ था। पंच परिवर्तन जैसे विषय परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी भाव, पर्यावरण संरक्षण, और नागरिक कर्तव्य जैसे समाज से जुड़े विषयों के बारे में ज्ञान की पुस्तकें जो समाज को नया रास्ता दिखाएं समाज में बांटी गई। विश्व संवाद केंद्र से विकास भार्गव जी, सीताराम जी, राजीव जी, सहदेव जी, हिमांशु जी, हीरालाल जी, राकेश जी व श्री मोहन तायल, संजय मित्तल, दीपक मित्तल, अखिलेश और गौरव आदि का पुस्तक वितरण में सहयोग रहा।

# आप का भाजपा पर संजय सिंह की पत्नी का वोट काटने के प्रयास का आरोप

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर वोटर लिस्ट में छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी का दावा है कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह की पत्नी अनीता सिंह का वोट काटने का आवेदन दिया है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि संसद में मैंने भाजपा द्वारा यूपी, बिहार और झारखंड के पूर्वांचल समाज के लोगों के वोट कटवाने की बात कही और इसे जेपी नड्डा ने माना भी। अब भाजपा ने मेरी धर्मपत्नी अनीता सिंह का जोकि नई दिल्ली विधानसभा की वोटर हैं, उनका वोट कटवाने की एप्लीकेशन दे दी। संजय सिंह ने कहा कि मेरी धर्मपत्नी अनीता सिंह पूर्वांचल की रहने वाली हैं और भाजपा वालों ने इनका वोट कटवाने की एप्लीकेशन दो बार दी है। भाजपा हरियाणा और महाराष्ट्र की तरह चुनावी घोटाला करके दिल्ली में भी चुनाव जीतना चाहते हैं। भाजपा सांसद मनोज तिवारी से मैं पूछना चाहता हूं कि पूर्वांचल की रहने वाली मेरी धर्मपत्नी क्या रोहिंग्या घुसपैठिया हैं, जो उनका वोट काटने की एप्लीकेशन दी गई है?

# आज दो उपग्रहों को लॉन्च करेगा इसरो



नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसी)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सोमवार की रात दो उपग्रहों को लॉन्च करेगा। इन उपग्रहों का मकसद अंतरिक्ष में जोड़ने और अलग करने (डॉकिंग और अनडॉकिंग) की तकनीक का परीक्षण करना है। जिससे भारत दुनिया का चौथा देश बन जाएगा, जो यह उपलब्धि हासिल करेगा। इस मिशन के तहत इसरो का प्रमुख रॉकेट 'पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल' (पीएसएलवी) दो उपग्रहों एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 को 476 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित कक्षा (ऑर्बिट) में स्थापित करेगा। इसके बाद, इन उपग्रहों के माध्यम से 'स्पेस डॉकिंग एक्सपरिमेंट' (स्पेडेक्स) जनवरी के पहले हफ्ते से किया जाएगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, यह मिशन भारत को उन देशों के समूह में शामिल करेगा, जो अंतरिक्ष में डॉकिंग तकनीक को सफलतापूर्वक उपयोग में ला चुके हैं। यह मिशन भारत के भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जिसमें चांद से मिट्टी और पत्थरों को धरती पर लाना, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीआईएस) बनाना और चांद पर अंतरिक्ष यात्री भेजना शामिल है। इसरो के एक अधिकारी के मुताबिक, स्पेडेक्स मिशन का मुख्य उद्देश्य दो छोटे उपग्रहों (एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02) की डॉकिंग और अनडॉकिंग की तकनीक विकसित करना है, जो एक धरती की निचली कक्षा (लो-अर्थ ऑर्बिट) में एक साथ जुड़ेंगे। मिशन का दूसरा मकसद यह साबित करना है कि डॉक किए गए उपग्रहों के बीच बिजली का स्थानांतरण (ट्रांसफर) कैसे किया जा सकता है। यह भविष्य में अंतरिक्ष रोबोटिक्स और अंतरिक्ष कार्यों को नियंत्रित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, यह क्षमता भारत के चांद और अंतरग्रही (जैसे मंगल, शुक्र आदि) मिशनों के लिए जरूरी है। डॉकिंग तकनीक से मल्टी-लॉन्च मिशन संभव होंगे और भविष्य में मानव अंतरिक्ष उड़ान को भी मदद मिलेगी।

# रात में पत्नी की हत्या की और सुबह में नौकरी पर चला गया

ग्रेटर नोएडा, 29 दिसंबर (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना इलाके में शनिवार रात एक व्यक्ति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी नौकरी पर चला गया। वहां से आने के बाद पुलिस को हत्या की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही शक होने पर पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अवैध संबंध में हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया हैं। मूलरूप से अलीगढ़ के विसनपुर मानपुर गांव निवासी चुन्नीलाल अपने परिवार के साथ बादौली गांव में रहता है। शनिवार रात आरोपी ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद वो नौकरी पर चला गया। नौकरी से वापस लौटने के बाद आरोपी ने डायल 112 पर पुलिस को पत्नी की हत्या की सूचना दी। सूचना पर नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महिला के भाई सुभाष ने हत्या का मामला दर्ज कराया। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी ने पुलिस को सूचना देने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने टीसीएस चौराहे के पास से आरोपी चुन्नीलाल को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पत्नी के गांव के एक व्यक्ति के साथ अवैध संबंध थे। कई बार पत्नी को समझाया था, लेकिन वो नहीं मानी। परेशान होकर पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और फिर नौकरी करने के बहाने घर से बाहर चला गया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया हैं।

# विद्युत विभाग ने लगाया एक मुश्त समाधान योजना शिविर

## - बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने उठाया सुविधा का लाभ

मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)। रविवार को एकमुश्त समाधान योजना मुख्य अभियन्ता पवन कुमार अग्रवाल के निर्देशन में जनपदभर में अवकाश के बावजूद जारी रही। इस बीच विद्युत नगरीय वितरण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता अनूप सिंह ने ठंड में क्षेत्र में कई स्थानों पर विद्युत समाधान शिविर के माध्यम से लोगों को जागरुक किया। इस विद्युत नगरीय वितरण खंड तृतीय मुजफ्फरनगर के अंतर्गत रविवार को सुजडू, इमामबाड़ा, किदवई नगर, शेरनगर, खालसा पट्टी व खालापार पर कैंप लगाए गए, जहां पर करीब 356 लोगों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद करने के साथ लगभग 10.30 लाख की राजस्व वसूली की गई तथा लगभग 225 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना के माध्यम से पैसे जमा कर छूट का लाभ उठाया। ओटीएस योजना के अंतर्गत बकाया वसूली का महाभियान जनपद में बड़े जोर शोर से चलाया जा रहा है। विद्युत नगरीय वितरण खंड तृतीय अधिशासी अभियंता अनूप सिंह ने बताया कि अभियान के तहत 05 हजार रुपए से ऊपर के करीब 9000 उपभोक्ताओं पर 14 करोड़ रुपए की बकाया राशि है, जिसमें से अब तक 3,004 विद्युत उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटते हुए करीब 3.46 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक लगभग 7500 उपभोक्ता 2.46 करोड़ रुपए जमा कर ओटीएस योजना छूट का लाभ ले चुके हैं। उन्होंने सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि विद्युत चोरी न करें और अपना विद्युत बिल इस माह जमा कर दें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो व 24 घंटे विद्युत आपूर्ति आपको मिल सके। ओटीएस योजना के तहत छूट का लाभ लेते हुए जल्द अपना विद्युत बिल तत्काल जमा करें।

## ग्राम बरवाला में चला छापामार अभियान, वसूले 5 लाख



मुजफ्फरनगर, 29 दिसम्बर (बु.)। जिले में एक मुश्त समाधान योजना, राजस्व वसूली, वाणिज्य मानकों पर खराब प्रदर्शन मामले में बीते दिवस पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन की ओर से की गई कार्रवाई के बाद विद्युत विभाग अधिकारी सक्रिय दिखाई देने लगे हैं। एमडी ईशा दुहन की सख्ती के बाद निर्धारित लक्ष्य पाने को जनपद में मुख्य अभियन्ता पवन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में विद्युत विभाग के अधिकारी धरातल पर सर्द हवाओं के बीच नजर आ रहे हैं। रविवार को इस कड़ी में अवकाश के बावजूद जिम्मेदारी के मूड में दिखाई दिए। अभियान की इस कड़ी में रविवार को अधीक्षण अभियन्ता ने ग्राम बरवाला में छापेमारी करते हुए क्षेत्र में बड़े बकायेदारो के कनेक्शन काटने के साथ वसूली अभियान चलाया। इस बीच टीम ने ग्राम बरवाला में एसई संजीव कुमार, ईई गुलशन कुमार, एसडीओ और जेई प्रदीप कुमार के नेतृत्व में 82 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए, जिनका कुल बकाया 57 लाख रुपए से अधिक था। इस दौरान टीम ने मौके पर 26 विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा एकमुश्त समाधान योजना के तहत पंजीकरण कराकर 5 लाख रुपए जमा किए। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को फिर बरवाला गांव में बचे हुए बकायेदारों के कनेक्शन काटे जायेंगे। अब तक के आंकड़ों में 15 दिसम्बर से विद्युत वितरण मण्डल प्रथम में 19,000 विद्युत के बकायेदारों के कनेक्शन काटे गये हैं, वहीं 10,000 विद्युत उपभोक्ताओं ने एकमुश्त समाधान योजना में 10.3 करोड़ रुपए अब तक जमा किये गए। अधिकारियों का कहना है कि लक्ष्य प्राप्ति की खातिर विभाग जिले में अभियान जारी रखेगा।

# एच-1बी वीजा के मुद्दे पर ट्रंप ने दिया मस्क का साथ

वॉशिंगटन, 29 दिसंबर (एजेंसी)। अमेरिका में आव्रजन नीति पर जारी बहस में अब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भी एंट्री हो गई है। ट्रंप ने अपने पारंपरिक समर्थकों की बजाय उद्योगपति एलन मस्क और विवेक रामास्वामी का पक्ष लिया है। ट्रंप ने मस्क की बात दोहराते हुए कहा कि देश में उच्च प्रशिक्षित कर्मचारियों को लाने के लिए विशेष वीजा कार्यक्रम की जरूरत है। एक अमेरिकी मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि 'मुझे हमेशा से एच-1बी वीजा पसंद है और मैं हमेशा से इसके पक्ष में रहा हूं। इसी वजह से हमने उसे बनाए रखा है।' दरअसल अमेरिका में इन दिनों एच-1बी मुद्दे पर घमासान जारी है और खास बात ये है कि ये बहस एलन मस्क और ट्रंप समर्थकों के बीच हो रही है। ट्रंप समर्थक आव्रजन नीति के विरोध में है और ट्रंप ने अपना पूरा चुनाव प्रचार भी इस मुद्दे पर फोकस किया था और अवैध अप्रवासियों को रोकने और जो अवैध अप्रवासी अमेरिका में रह रहे हैं उन्हें वापस भेजने का वादा किया था। यही वजह है कि ट्रंप के पारंपरिक समर्थक एच-1बी वीजा का भी विरोध कर रहे हैं। वहीं मस्क एच-1बी वीजा का समर्थन कर रहे हैं। मस्क का कहना है कि अमेरिका में काफी कम उच्च प्रशिक्षित कर्मचारी होते हैं और अगर अमेरिका को आगे भी तरक्की करते रहना है तो विदेशों से कुशल कर्मचारियों को लाना बेहद जरूरी है। मस्क के साथ ही भारतीय मूल के राजनेता विवेक रामास्वामी ने भी एच-1बी वीजा का समर्थन किया था। गौरतलब है कि एच-1बी वीजा के जरिए सबसे ज्यादा लाभ उठाने वाले देशों में भारत भी शामिल है।

# नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा- राजघाट पर बने मनमोहन सिंह का स्मारक



चंडीगढ, 29 दिसंबर (एजेंसी)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद उनका स्मारक बनाने का मुद्दा खूब गरमा गया है। इस मुद्दे पर पूर्व क्रिकेटर व पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चिट्ठी लिखी है। सिद्धू ने चिट्ठी में डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक राजघाट पर बनाने की मांग की है। सिद्धू का यह पत्र ऐसे समय आया है जब कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि देश के पहले सिख प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर किया गया, जबकि उनके लिए एक नामित स्थान होना चाहिए था, जहां उनका स्मारक बन सकता। सिद्धू ने कहा कि सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों का स्मारक बनाया गया है। मनमोहन सिंह के मामले में यह परंपरा तोड़ी जा रही है। ऐसा क्यों किया जा रहा है। राजघाट में गुलजारी लाल नंदा, पीवी नरसिम्हा राव जैसे पूर्व प्रधानमंत्रियों के भी स्मारक बने हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में लिखा कि मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप केंद्र सरकार को निर्देश दें कि डॉ. मनमोहन सिंह के लिए राजघाट परिसर में स्मारक स्थापित किया जाए। पंडित जवाहरलाल नेहरू के शांति वन, लाल बहादुर शास्त्री के विजय घाट, इंदिरा गांधी के शक्ति स्थल, राजीव गांधी के वीर भूमि और अटल बिहारी वाजपेयी के सदा अटल की तरह राजघाट परिसर में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को स्मारक दिया गया है। सिद्धू ने कहा कि मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करना और उनकी विरासत को याद करने के लिए कोई कदम न उठाना इस परंपरा का उल्लंघन है। यह राजनीतिक पक्षपात और असुरक्षा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने एक दशक तक भारत को आर्थिक विकास और वैश्विक समावेशन की दिशा में मार्गदर्शन किया। उनका योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता। सिद्धू ने उल्लेख किया कि पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव का अंतिम संस्कार दिल्ली के बाहर किया गया था। फिर भी हैदराबाद में ज्ञान भूमि में उनका स्मारक बनाया गया है। ऐसे में मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर निष्क्रियता सवाल खड़े करती है।

# 'हरियाणा-महाराष्ट्र वाले हथकंडे दिल्ली में नहीं चलने देंगे', भाजपा पर बरसे अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसी)। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी भी तरह से चुनाव जीतना चाहती है, चाहे बेईमानी से ही क्यों न हो। लेकिन, दिल्ली की जनता ऐसा नहीं होने देगी। हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में उन्होंने जो हथकंडे अपनाए थे। हम उन्हें उस हथकंडे का इस्तेमाल करके यहां जीतने नहीं देंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा दिल्ली चुनाव में अपनी हार मानकर, बेईमानी पर उतर आई है। दिल्ली में भाजपा के पास ना ही उम्मीदवार हैं और ना ही मुख्यमंत्री का चेहरा है। अब भाजपा बेईमानी करके चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है, वो वोट कटवाने की साजिश रच रही है। दिल्ली के पूर्वी सीएम ने कहा कि नई दिल्ली विधानसभा में भाजपा की वोट कटवाने की गंदी साजिश हुई पकड़ी गई है। 15 दिनों में भाजपा ने हजारों वोट कटवाने की एप्लीकेशन दी है। मतदाताओं के वोट कटवाकर भाजपा लोगों से उनके देश के नागरिक होने का अधिकार छीन रही है। अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली के जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा। पत्र में लिखा है, 'मैं आपको तत्काल यह बताने के लिए लिख रहा हूँ कि पिछले कुछ दिनों में नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने के लिए आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।'

# भाजपा के घोषणा पत्र में शामिल होंगे ये वादे

नई दिल्ली, 29 दिसंबर (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा इस बार हर संभव कोशिश कर रही है। इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के अनुसार अलग-अलग रणनीति बनाकर आम आदमी पार्टी को चुनौती देने की रणनीति बनाई जा रही है तो हर क्षेत्र में बेहद मजबूत उम्मीदवारों को उतारकर विरोधी पार्टी को तगड़ी चुनौती देने की तैयारी है। चुनाव में आम आदमी पार्टी को सही टक्कर देने के लिए पार्टी के घोषणा पत्र में भी दमदार वादे कर जनता को लुभाने की रणनीति अपनाई जा रही है। पार्टी दिल्ली के लोगों से राय-मशविरा कर अपना संकल्प पत्र बनाने की कोशिश कर रही है। लेकिन इसी बीच पार्टी के कुछ नेताओं ने इशारा कर दिया है जिससे यह माना जा रहा है कि भाजपा के संकल्प पत्र में लाडली बहना योजना जैसी कई लोक लुभावनी घोषणाएं भी की जा सकती हैं जो उसे आम आदमी पार्टी के सामने मजबूती से पेश कर सकें। भाजपा का संकल्प पत्र भले ही न आया हो, लेकिन उसके नेताओं ने अपनी जनसभाओं और सोशल मीडिया पर यह इशारा करना शुरू कर दिया है कि भाजपा भी बड़े चुनावी वादों पर दांव खेल सकती है। भाजपा प्रवक्ता और मीडिया इंचार्ज प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि पार्टी दिल्ली में लगने वाली पीपीएसी चार्ज को घटाएगी। इसे पूरा समाप्त करने की घोषणा करने पर भी विचार किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली सरकार की वर्तमान में चल रही योजनाओं को पूरी तरह चलाते रहने और इसका दायरा बढ़ाने की घोषणा कर सकती है। महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा जारी रखने और इसे बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। मुफ्त बिजली बिल का दायरा 200 यूनिट से आगे बढ़ाने पर विचार किया जा सकता है। भाजपा ने जिस तरह दूसरे राज्यों में आयुष्मान योजना की घोषणाएं की हैं, उसे दिल्ली में भी लागू किया जाएगा। इसके अलावा दिल्ली की शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर किया जा सकता है।


## चुनाव कार्यक्रम 2025

चुनाव कार्यक्रम बाबू सिंह स्मारक इण्टर कॉलिज
पमनावली चित्तौडा- मुजफ्फरनगर

| क्रम संख्या | कार्यक्रम का नाम | दिन व दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूची का प्रकाशन व आपत्ति | रविवार 16-2-2025 | प्रात: 8:30 से 9:00 तक प्रात: |
| 2 | आपत्ति की सुनवाई व निस्तारण | रविवार 16-2-2025 | प्रात: 9:20 से 10:20 तक प्रात: |
| 3 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | रविवार 16-2-2025 | प्रात: 10:30 से 11:30 तक प्रात: |
| 4 | चुनाव नामांकन प्राप्त करना | रविवार 16-2-2025 | प्रात: 11:45 से 12:45 तक प्रात: |
| 5 | नामांकन पत्रों की जाँच व आपत्ति | रविवार 23-2-2025 | प्रात: 8:30 से 9:00 तक प्रात: |
| 6 | वैध पाये गये नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन | रविवार 23-2-2025 | प्रात: 10:00 से 11:00 तक प्रात: |
| 7 | नामांकन पत्रों की वापसी | रविवार 23-2-2025 | प्रात: 11:15 से 12:00 तक प्रात: |
| 8 | अन्तिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन | रविवार 23-2-2025 | दोपहर 12:15 से 01:00 तक दोपहर |
| 9 | चुनाव चिन्ह का आवंटन | रविवार 23-2-2025 | दोपहर 01:00 से 02:00 तक दोपहर |
| 10 | चुनाव यदि आवश्यक हुआ | रविवार 02-3-2025 | प्रात: 09:00 से 02:00 तक दोपहर |
| 11 | मतगणना | रविवार 02-3-2025 | प्रात: 12:15 से 01:00 तक दोपहर |
| 12 | चुनाव परिणाम | रविवार 02-3-2025 | मतगणना के तुरन्त पश्चात |

प्रबन्धक
बाबू सिंह स्मारक इण्टर कॉलिज
पमनावली चित्तौडा- मुजफ्फरनगर

